an>

Title: Need to rehabilitate people affected due to Tehri dam lake in Tehri Garhwal Parliamentary Constituency, Uttrakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड की ओर दिलाना चाहती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र टिहरी में टिहरी बांध परियोजना के निर्माण के कारण हज़ारों परिवारों को अपने गांवों से विस्थापित होना पड़ा था तथा 2005 में बांध में पानी भरने से लगभग 43-44 कि.मी. लंबी झील बन गई, जिसके कारण सैंकड़ों गांव झील में समा गये थे। परंतु पिछले कुछ वर्षों से झील के कटाव के कारण कई गांव इसकी चपेट में आ गये एवं जमीन में दरारें आने लगी। मदननेगी, खोला, नन्दगांव, रोलाकोट, भटकांड, पिपोला, गोजियाणा, तुणेठा आदि ग्रामवासी 2010 से पुनर्वास के लिए आंदोलन कर रहे हैं। विशेषकर नंदगांव के लोग कई दिनों से भूख हड़ताल कर रहे हैं। राज्य सरकार ने वैज्ञानिक एक्सपर्ट कमेटी का गठन भी किया था, जिसने गांवों में जाकर भूस्खलन का जायजा भी लिया था और 2012 में झील प्रभावित लगभग 415 परिवारों को विस्थापित करने की संस्तुति की थी। परंतु प्रदेश सरकार ने अभी तक इन परिवारों का पुनर्वास नहीं किया है।

मैं सरकार से मांग करती हूं कि उपरोक्त परिवारों का जल्दी से जल्दी पुनर्वास किया जाये।